647510 **BRSHinFC101B** **Seat No :________**

**B.R.S. Semester - 1 (*CBCS*) Examination**

**Nov/Dec - 2022 (NEW COURSE)**

**HINDI(FOUNDATION-2)**

**Time: 2:30 Hours** **Marks: 70**

**Instructions:**

1. All questions are compulsory.
2. Figures to the right indicate marks.

---

प्रश्न.१ "सद्‌गति" कहानी की कथावस्तु लिखकर (१४)

१. अंधश्रद्धा और सामाजिक भेदभाव का वर्णन करें।

अथवा

१. आचार्य चतुरसेन शास्त्री का जीवन कवन लिखें।

प्रश्न.२ (अ) निम्नलिखित कहावतों में से पांच कहावतों के अर्थ लिखिए। (०५)

१. जैसी करनी वैसी भरनी।
२. हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और।
३. ईंट का जवाब पत्थर से देना।
४. आंखो का तारा होना।
५. चार दिनों की चांदनी फिर अंधेरी रात।
६. आग लगने पर कुँआ खोदना ।
७. दूध का जला छास भी फुंककर पीता है।

प्रश्न.२ (ब) अपने छोटे भाई को बारहवी कक्षामें महेनत करने के लिए पत्र लिखे। (०४)

अथवा

(ब) क्रोध एक तरह का रोग होता है,
जीसे क्षणिक पागलपन भी कह सकते है, - इस पंक्ति का पल्लवन कीजिए।

(क) निम्नांकित परिच्छेद का संक्षेपण कीजिए। (०५)

नम्रता के गुण को अहिंसा का ही एक अंश कह सकते है। जहाँ अहंकार है वहाँ नम्रता की कमी है। नम्रता प्रयत्न पूर्वक सीखी नहीं जा सकती, बल्कि अनेक सद्‌गुणों और विचारमय जीवन के परिणाम स्वरूप वह स्वभाव का अंग बन जाती है। नम्र मनुष्य को अपनी नम्रता का भान भी नहीं होता अपनी मर्यादाओं को समझना और उन्हीं में रहना, यह भी नम्रता की पराकाष्टा है। शून्यवत रहने का अर्थ है। सबकी सेवा के लिए तत्पर रहना बदले की अथवा उपकार की आशा न रखना, सुख सुविधा प्राप्त करने में सबसे पीछे रहना और कपट सहन करनेमें सबसे आगे रहना। सदा कर्तव्य में ही निमग्न रहना है।

प्रश्न.३ निम्नलिखित संदर्भो में से किन्ही दो की ससंदर्भ व्याख्या करें। (१४)

१. बड़ि ही बात है बिटिया, बडे लोगों कि बस बात ही बड़ि होती है। नहीं तो -दो-दो पटेर की पाटियों का काम सिर्फ सतू खिलाकर करवाए भला?
२. दुःखी की लाश को खेत में गीदड और गिद्ध कुत्ते और कौए नोच रहे थे। यही थी दुःखी की जीवन पर्यन्त की सेवा भक्ति-निष्ठा का पुरस्कार।
३. जब आधी रात होती है, वो उस गंभीर रात्रि के सन्नाटे में एक मर्म भेदती ध्वनि बादशाह सूनते है। दुःखवा मैं कासे कहुँ-मोरी सजनी।
४. मेरे मित्र के साथ घर छोडकर भाग आया, उस मालिक ने मारा सो मर गया।

प्रश्न.४ 'दुःखवा में कासे कहुँ मोरी सजनी' कहानी में बादशाह और सलीमा का चरित्र लिखे। (१४)

अथवा

प्रश्न.४ परदा कहानी में व्यक्त आर्थिक विषमता, गरीबी का चित्रण करें।

प्रश्न.५ 'अपना-अपना भाग्य कहानी की कथावस्तु। (१४)

अथवा

प्रश्न.५ 'ठेस' कहानी में व्यक्त मानवीय संवेदना।

*******************************